# ट्रक ने अर्टिगा कार को टक्कर मारी
# पिता-पुत्र समेत 3 की मौत, 4 गंभीर



## सड़क के नीचे तक घसीटता ले गया

सतना-चित्रकूट रोड पर हुए एक सड़क हादसे में शनिवार को तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि महिलाओं समेत 3 लोग घायल हो गए। मझगवां थाना क्षेत्र में भरगवां मोड़ के पास तेज रफ्तार ट्रक ने अर्टिगा कार को सामने से टक्कर मार दी और काफी दूर तक घसीटता ले गया।

सतना।

हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है जबकि एक 22 वर्षीय युवती ने सतना जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया है। ड्राइवर समेत कार की अगली सीट पर बैठे दो लोगों के शव गाड़ी में ही फंस गए थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों और राहगीरों की मदद से घायलों को एम्बुलेंस के जरिए अस्पताल भेजा। ट्रक में बुरी तरह फंसी कार को बाहर निकालने के लिए जेसीबी मंगाई गई थी।



### चित्रकूट दर्शन करने जा रहा थे

सागर और दमोह से तिवारी और दुबे परिवार के सदस्य चित्रकूट दर्शन के लिए जा रहे थे। इसी बीच भरगवां मोड़ के पास सामने से गलत साइड पर आ रहे ट्रक ने कार नंबर **MP**15 **CB** 4799 को अपनी चपेट में ले लिया। अस्पताल में दम तोड़ने वाली युवती की पहचान प्राची तिवारी पिता रजनीश तिवारी (22) निवासी दमोह के रूप में हुई है जबकि मौके पर ही जान गंवाने वालों की शिनाख्त चंद्रभान तिवारी पिता वासुदेव तिवारी (45) निवासी नेहा नगर मकरोनिया सागर तथा सुदामा दुबे पिता भगवानदास दुबे (75) के तौर पर हुई है। हादसे में दो महिलाओं के अलावा दो बच्चे दर्श दुबे पिता अविनाश दुबे (10) तथा अक्षांत दुबे पिता अखिलेश दुबे (12)भी घायल हैं।अक्षांत की हालत भी नाजुक बनी हुई है।उसे सतना जिला अस्पताल से बिरला हॉस्पिटल रेफर किया गया है।

## खबर संक्षेप

### सतना की तरक्की के लिए सर्व दलीय विकास समिति की जरूरतः गोयल

**सतना।** चेंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के संयोजित सदस्य युवा समाजसेवी धर्मेंद्र गोयल ने सतना



की तरक्की के लिए विकास समिति बनाए जाने का सुझाव दिया है। शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति में उन्होंने कहा है कि सतना की माटी ने एक से बढ़कर एक नेता और समाज सेवी दिए हैं। पर सतना पिछड़ रहा इसके लिए सबको विचार करना होगा की विकास की दौड़ में सतना कैसे आगे बढ़े इसके लिए सभी दल के लोगों को एक साथ होकर बैठक करना चाहिए और प्लान बनाया जाना चाहिए कि कैसे सुनियोजित तरीके से सतना का विकास किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि समिति में व्यापारिक और सामाजिक संस्थाओं को भी शामिल किया जाना चाहिए ताकि व्यापारिक और सामाजिक सेवाओं से जुड़े लोग भी अपने सुझाव विकास को लेकर दे सकें।

### लोक अदालत में 418 प्रकरण निराकृत

**सतना।** नगर पालिक निगम में आयोजित नेशनल लोक अदालत में कुल 418 प्रकरण निराकृत किये गये। जिसमें संपत्तिकर एवं अन्य संलग्न करों की राशि 83,27,500 रुपये, राजस्व किराया राशि 9,84,534 रुपये एवं जलकर राशि 1,05,750 रुपये कुल राशि 73,97,784 रुपये वसूल की गई। लोक अदालत दिवस पर बकाया करों का भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को लगभग राशि 4,72,570 रुपये अधिभार छूट का लाभ प्राप्त हुआ। लोक अदालत दिवस में प्रकरणों के निराकरण के लिए शेरसिंह मीना आयुक्त,नगर पालिक निगम द्वारा कार्यालय में उपस्थित रहकर करदाताओं से सम्पर्क कर जानकारी ली गयी और अधिक से अधिक वसूली हेतु प्रकरणों के निराकरण किये जाने हेतु अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित किया गया।आयुक्त,नगर पालिक निगम सतना ने राशि जमा करने वाले करदाताओं का आभार व्यक्त किया है।

### एक करोड़ से बनने वाले मार्ग का हुआ भूमिपूजन

**कटनी।** गणेशपुर लुहरवारा पहुंच मार्ग की का शुक्रवार को बड़वारा विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह ने भूमि-पूजन किया। यह मार्ग एक करोड़ की लागत से बनकर तैयार होगा, जिससे यहां आवागमन करने वालों को सुगम मार्ग मिल सकेगा। इस दौरान जनपद उपाध्यक्ष रामसेवक दुबे, भाजपा जिला मंत्री विजय गुप्ता, मंडल अध्यक्ष गजेन्द्र उपाध्यय, अशोक सोनी मीडिया संयोजक खेमचंद यादव, महेन्द्र जायसवाल सहित आरईएस के आर के जैन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### श्रमिकों के पुत्र-पुत्रियों के लिए स्कालरशिप योजना

**कटनी।** भारत सरकार, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय आयुक्त द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए शिक्षा हेतु वित्तीय सहायता योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश राज्य के बीड़ी, चूना पत्थर एवं डोलोमाईट व लौह-मैग्नीज-क्रोम अयस्क खदान श्रमिकों के मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत पुत्र-पुत्रियों को वित्तीय सहायता योजनांतर्गत कक्षा 1 से उच्च शिक्षा ग्रहण करने पर छात्रवृत्ति की राशि 1 हजार से अधिकतम रूपये 25 हजार स्वीकृत की गई है। योजनांतर्गत लाभ प्राप्त करने हेतु पात्र छात्र-छात्राओं के लिए नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन करने की प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है, जिसकी अंतिम तिथि प्री. मेट्रिक हेतु 31 जुलाई एवं पोस्ट मेट्रिक हेतु 31 अक्टूबर निश्चित है। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में छात्रवृत्ति हेतु आवेदन करने के लिए ओ.टी आर व फेस ओथेंटिकेशन प्रक्रिया पूरी करना अनिवार्य है। आवेदन की पात्रता व संबंधित अन्य जानकारी, शर्ते नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर उपलब्ध है। ऑनलाईन आवेदन के साथ आवश्यक दस्तावेजों को स्कैन कर अपलोड किया जाए।

## दरभंगा वन क्षेत्र को टाइगर रिजर्व बनाए जाने महापौर ने फिर लिखा प्रधानमंत्री को पत्र

सतना।

महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने सतना जिले के उप वनमंडल परिक्षेत्र चित्रकूट अंतर्गत सरभंगा वन क्षेत्र को टाईगर रिजर्व बनाये जाने हेतु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र भेजा है। महापौर योगेश ताम्रकार तीन वर्ष पूर्व भी प्रधानमंत्री को इस संदर्भ में पत्र भेज चुके हैं। किन्तु वन क्षेत्र के अंतर्गत करीबन तीन सौ ग्रामीणों के बसे होने के कारण उस समय यह मांग स्वीकार नहीं की जा सकी थी। महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने बताया कि चित्रकूट उप वन परिक्षेत्र अंतर्गत दो-तीन गांव ऐसे हैं जहां करीबन 300 घरों की बसाहट है। श्री ताम्रकार ने कहा है कि बाघों को सुरक्षित रखने के लिये वन क्षेत्र में बसे 300 घरों के लोगों को अन्यत्र पीएम आवासों में स्थानांतरित किया जा सकता है। महापौर ने बताया कि टाईगर रिजर्व क्षेत्र न होने के कारण चित्रकूट उप वन परिक्षेत्र अंतर्गत स्वछंद बिचरण करने वाले बाघ बाघिन कभी दलदल में फंस कर तो कभी ट्रेनों से कटकर जान गवां रहे हैं। अतः



इनको सुरक्षित करने के लिये प्रधानमंत्री के समक्ष एक बार पुनः पत्र प्रेषित कर सरभंगा वन क्षेत्र को टाईगर रिजर्व बनाये जाने की मांग की गयी है। महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने प्रधानमंत्री को भेजे गये पत्र में कहा है कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की तपोस्थली एवं भारत रत्न से समानित प्रख्यात समाजसेवी नानाजी देशमुख की कर्म भूमि चित्रकूट म.प्र. और उ.प्र. की सीमा में स्थित है। प्रभु श्रीराम ने वनवास के साढ़े 11 वर्ष यहां बिताये हैं। नानाजी देशमुख ने एकात्म मानववाद के शिल्पकार के रूप में अपने प्रकल्पों के माध्यम से ग्रामीण विकास के मॉडल से अवगत कराया था। चित्रकूट उप वन परिक्षेत्र के अंतर्गत सरभंगा के जंगल बाघों के लिये अत्यन्त अनुकूल होने के कारण यहां पर वर्तमान समय में दो दर्जन से अधिक बाघ स्वछंद बिचरण कर रहे हैं।

## रामलाल की कृपा लिखी गाड़ी में पकड़ा गया नशे का जखीरा
### बिना नंबर की पिकअप से 12 लाख से अधिक कीमत की ऑनरेक्स जब्त

सतना।

सिंहपुर थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बिना नंबर के पिकअप वाहन से ले जायी जा रही प्रतिबंधित कफ सीरप ऑनरेकस का जखीरा जब्त करने में सफलता प्राप्त की है। 60 पेटियों में पैक 7200 शीशियों में 12,24,000 रुपये मूल्य की कफ सीरप अवैध रूप से बिक्री के लिये सतना ले जायी जा रही थी। सिंहपुर पुलिस ने बिना नंबर के 13 लाख रुपये कीमत के वाहन को भी जब्त कर लिया है। सिंहपुर पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही के संबंध में हासिल जानकारी के अनुसार थाने को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक बिना नम्बर की पिकअप वाहन जिसके सामने ऊपर पट्टी में रामलला की कृपा लाल पेंट से लिखा है,जिसमें कैरेट लोड है, नीचे भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीली कफ सीरप लोड है,जो पहाड़ीखेरा तरफ से सिंहपुर होते हुये सतना की ओर बिक्री करने प्रयोजन से परिवहन की जा रही है। मुखबिर की सूचना की तस्दीक एवं कार्यवाही हेतु सिंहपुर थाने का पुलिस बल,खनगढ़ मोड़ रवाना हुआ।




### चेकिंग के दौरान वाहन से कूदकर भाग गये दो आरोपी

खनगढ़ मोड़ ग्राम महतैन पहुंचकर टार्च,सर्च लाइट एवं मोबाइल के प्रकाश के माध्यम से रोड में स्टापर लगाकर नाकाबंदी प्रारंभ की गई व कालिंजर तरफ से आने वाले वाहनों को रोककर चेक करना प्रारंभ किया,इसी दौरान कालिंजर तरफ से एक पिकअप वाहन का चालक वाहन लेकर आया,जिसे रोका गया,जैसे ही वाहन रुका पुलिस जब चालक से नाम पता पूछने लगी तभी दूसरे तरफ से दो व्यक्तियों ने पिकअप से उतरकर दौड़ लगा दी,पुलिस द्वारा पीछा किया गया,किन्तु अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गये।

### पिकअप चालक ने पूछताछ में सीरप तस्करों के बारे में उगला राज

पिकअप चालक ने अपना नाम दिवाकर कुमार पटेल पिता शिवनाथ पटेल 24 वर्ष निवासी ग्राम टीकर, पटपरहा टोला,थाना गोविंदगढ़ जिला रीवा बताया। पुलिस द्वारा पिकअप वाहन की तलाशी ली गई,जिसमें 15 नग प्लास्टिक के पुराने खाली कैरेट तथा नशीली कफ ऑनरेस सिरप 60 पेटियों में भरी हुई पाई गई। पुलिस ने पंचनामा बनाने के साथ सिरप की शीशियों की गिनती की। कुल 7200 शीशियां जब्त हुईं। प्रत्येक शीशी में 100 एमएल सीरप भरी है। संदेही दिवाकर कुमार पटेल ने मेमोरेण्डम कथन में बताया कि उक्त माल बांदा से पिकअप में अपने साथी अमित गुप्ता निवासी रैगांव,आशीष गौतम निवासी रैगांव के साथ लेकर सतना आ रहा था,जिसमें 10 पेटी माल बादल सिंह पटेल निवासी जमुना,रामपुर बाघेलान का होना तथा 25-25पेटी अमित गुप्ता व आशीष गौतम की होना बताया। पुलिस के द्वारा वाहन रोकने पर दोनों गाड़ी से कूदकर भाग गये। पुलिस द्वारा आरोपी दिवाकर कुमार पटेल को अपराध धारा 8बी, 21, 22 एनडीपीएस एट, 5/13 ड्रग्स कंट्रोल एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया गया।

## सड़क की समस्या से नागरिक परेशान, नगर निगम के दावे खोखले
# बीच शहर के अलावा गली मोहल्ले में भी पैदल चलना हो रहा मुश्किल





सतना।

सड़क की समस्या को लेकर नागरिकों की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। बीच बाजार हो या फिर गली मोहल्ला नागरिकों को हर कदम पर मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले कई सालों से विकास के नाम पर कभी अमृत और जलावर्धन योजना,कभी फ्लाई ओवर तो अब सीवर लाइन प्रोजेक्ट के गड्ढों और कीचड़ के दलदल में फंसे नागरिक अपना दुखड़ा किससे रोएं यह उन्हें समझ में नहीं आ रहा है। दूसरी और नगर निगम के सारे दावे खोखले साबित हो रहे हैं। जब धूप निकलती है तो लोग धूल से परेशान होते हैं और जब बारिश होती है तो कीचड़ हो जाता है। छोटे-छोटे बच्चे स्कूल जाने में भी परेशानी का सामना कर रहे हैं।

### बाजार में व्यापार प्रभावित

बाजार में चलने लायक सड़क नहीं बची है। दो पहिया वाहनों से लोग गिर रहे हैं। पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। ऐसी स्थिति में बाजार में व्यापारियों का व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। पिछले कई सालों से यही स्थिति बनी हुई है। नगर निगम के अधिकारी काम करने निकलते हैं लेकिन वह गंभीरता पूर्वक काम करने में सफल नहीं हो पा रहे हैं।

### रेस्टोरेशन का काम कमाई का जरिया तो नहीं ?

सीवर लाइन प्रोजेक्ट जब लॉन्च हुआ था तो यह बताया गया था कि ठेकेदार द्वारा खोद कर पाइपलाइन डाली जाएगी और उसके बाद सड़क को पहले की तरह ठीक किया जाएगा,लेकिन बाद में यह हुआ कि खोदने वाली कंपनी अलग है और उसके बाद सीवर लाइन से घरों में कनेक्शन करने वाली कंपनी अलग है,लेकिन मरम्मत करने का ठेका किसी को नहीं दिया गया। इस बीच नगर निगम ने एक रास्ता निकाला और रेस्टोरेशन का काम शुरू किया। रेस्टोरेशन की स्थिति यह है कि जहां पर भी काम हुआ है वहां पर गुणवत्ता का ध्यान नहीं दिया गया है। ऐसी स्थिति में लोगों को लग रहा है कि रेस्टोरेशन का काम सिर्फ कमाई का जरिया बना हुआ है।

### मंत्री ने कहा घर बनता है तो दिक्कत होती है

शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान सड़कों की स्थिति को लेकर पत्रकारों द्वारा किए गए सवाल के जवाब में मध्यप्रदेश की राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी ने कहा कि जब घर बनता है तो दिक्कत होती है। उन्होंने सड़कों की दुर्दशा के सवाल को गंभीरता से नहीं लिया बल्कि पल्ला झाड़ते हुए सवाल का गोलमोल जवाब देना ज्यादा उचित समझा। वे बता रहीं थीं कि भाजपा का वोट बैंक बढा है।

### अब सियासत का दौर शुरू

सड़कों की दुर्दशा को लेकर युवक कांग्रेस और भाजयुमो आमने-सामने आ गए हैं और सड़क के गड्ढों की सियासत थाने तक जा पहुंची है। दरअसल,शहर भर में खोदी पड़ी सड़कों के गड्ढों और कीचड़ तथा इस बड़ी समस्या के प्रति प्रशासनिक उदासीनता के विरोध में युवक कांग्रेस कार्यकर्ता शुक्रवार को सड़क पर उतरे थे। उन्होंने विरोध प्रदर्शन करते हुए सिटी कोतवाली से गोशाला चौक की तरफ जाने वाली सड़क के गड्ढों पर भाजपा के झंडे लगा दिए। युकां नेता विक्रांत त्रिपाठी,पार्षद पंकज कुशवाहा और शहर अध्यक्ष अंकित गुप्ता ने इस तरह अनूठे ढंग से न केवल विरोध जताया बल्कि शहर के हालात पर भाजपा के ऊपर हमला भी बोला। युंकाइयों ने सतना को स्मार्ट सिटी नहीं दलदल सिटी बताते हुए शहर की दुर्दशा और जनता की पीड़ा के लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराया।

### भड़के युवा मोर्चा कार्यकर्ता

युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शाम को कीचड़ में भाजपा के झंडे गाड़े तो भाजयुमो कार्यकर्ताओं का गुस्सा भड़क उठा। उन्होंने प्रदर्शन के दौरान भाजपा के झंडे कीचड़ में गाड़ने को देश के सबसे बड़े राजनैतिक दल का अपमान करार देते हुए कांग्रेस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सौभाग्य केशरी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर देर रात सिटी कोतवाली जा पहुंचे। मोर्चा कार्यकर्ताओं ने युकां के प्रदर्शन को अमर्यादित और भाजपा कार्यकर्ताओं की भावनाओं को आहत करने की कोशिश बताते हुए प्रदर्शनकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग शुरू कर दी। सीएसपी महेंद्र सिंह चौहान और टीआई शंखधर द्विवेदी ने कार्यकर्ताओं से चर्चा कर उन्हें उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया,तब जा कर मामला शांत हुआ। प्रदर्शनकारी मोर्चा कार्यकर्ताओं में प्रमुख रूप से भाजपा कोषाध्यक्ष जय प्रताप गुप्ता, आदित्य यादव, प्रियांक त्रिपाठी, आलोक गुप्ता, अतुल श्रीवास्तव, सौरभ सिंह सोमू एवं शिवेंद्र गुप्ता,आलोक गौतम, अतुल शुक्ला, केके पांडेय, शुभम साहू, मोनू चुटेलकर,संजय गुप्ता,अनमोल गुप्ता, पीतांबर प्रजापति,सतेंद्र गौतम, विवेक यादव,शिवा चतुर्वेदी,योगेन्द्र सिंह योगी,आर्यन बाल्मिक,अमन पांडेय,रौनक़ गुप्ता,अमित सोनी, हेमंत गुप्ता आदि शामिल रहे।

## आदिल ने आदित्य बनकर कॉलेज की छात्रा को प्रेम जाल में फंसाया
### माता-पिता को भी धर्म परिवर्तन के लिए धमकी दी, मुकदमा दर्ज

सतना।

गर्ल्स कॉलेज में पढ़ने वाली एक छात्रा को एक मुस्लिम युवक ने हिन्दू युवक बनकर अपने प्रेम जाल में फंसाया और लिव इन में रहने का एफिडेविट बनवा कर उसे अपने शिकंजे में कस लिया। इतना ही नहीं युवक ने युवती के माता-पिता को भी धर्म परिवर्तन के लिए धमकाया। बजरंगदल के कार्यकर्ता लव जिहाद से जुड़ा ये मामला थाने तक ले आए जिसके बाद पुलिस ने युवक और उसके माता-पिता के ऊपर धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक,सिटी कोतवाली अंतर्गत शहर के इंदिरा कन्या महाविद्यालय में बीकॉम अंतिम वर्ष की एक 19 वर्षीया छात्रा लव जिहाद की घटना का शिकार हुई है। उसे लोटन अखाड़ा के पास रहने वाले मोहम्मद आदिल पिता मोहम्मद जहीर ने



अपने प्रेम जाल में फंसाया। जहीर ने अपना नाम आदित्य यादव बता कर उसे झांसे में लिया। उसने नवंबर 2023 में एक शपथ पत्र भी बनवाया और युवती से लिव इन रिलेशन में रहने की सहमति पर दस्तखत करवा लिए। इन सब के बीच आदिल के माता-पिता ने युवती के माता-पिता पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाना शुरू कर दिया। यह जानकारी बजरंगदल के कार्यकर्ताओं को हुई तो वे शुक्रवार को मामला सिटी कोतवाली ले आए।युवती के पिता ने शिकायत दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि लगभग 15 दिन पहले उसे जानकारी हुई कि उसकी बेटी किसी लड़के से फोन पर बात करती है। उसने बेटी से पूछा तो उसने आदित्य यादव नाम के लड़के के बारे में बताया था। गत 9 जुलाई को बेटी परीक्षा देने कॉलेज गई थी लेकिन जब भतीजा उसे लेने पहुंचा तो वह कॉलेज से नहीं निकली। जब भतीजे ने पूछताछ की तो पता चला कि बेटी ने उस दिन परीक्षा ही नहीं दी,बल्कि कॉलेज आते ही कहीं चली गई थी। भतीजे ने जब बेटी की सहेली से इस बारे में जानकारी ली तो पता चला कि उससे बात करने वाला युवक आदित्य यादव नहीं बल्कि आदिल खान है। उसने झूठा नाम बता कर छात्रा को झांसे में लिया। उसने लिव इन का शपथ पत्र भी परिजनों को भेजा। पुलिस ने इस मामले में आदिल खान और उसके माता पिता के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 3 (5) तथा धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 2021 की धारा 3 एवं 4 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## खबर संक्षेप

### भारतीय जनता पार्टी जिला पन्ना की जिला कार्य समिति की बैठक आज



**पन्ना।** भारतीय जनता पार्टी के जिले के मीडिया प्रभारी दुर्गेश शिवहरे ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय जनता पार्टी जिला पन्ना की जिला कार्य समिति स्थानीय शानवी लैंडमार्क में दोपहर 1:00 बजे से तारीख 14 7.2024 को रखी गई है। उक्त कार्य समिति में प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य समस्त जनप्रतिनिधि समस्त जिला पदाधिकारी समस्त मंडलों के अध्यक्ष और महामंत्री समस्त प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक और सह सायोजक, समस्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष और महामंत्री अपेक्षित है उक्त कार्य समिति में सागर संभाग प्रभारी चौधरी मुकेश सिंह चतुर्वेदी जी का और प्रदेश मंत्री तथा वर्तमान विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह जी का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। उक्त कार्य समिति में जिले में होने वाले आगामी कार्यक्रम की रूप रेखा तय की जाएगी। भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा ने समस्त कार्यकर्ताओं से समय से आने की अपील की है।

### मुहर्रम त्यौहार को लेकर अमानगंज थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न



**पन्ना।** अमानगंज पुलिस थाना परिसर में दिनांक 12 जुलाई 2024 दिन शुक्रवार को मुहर्रम त्यौहार को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी ग्लेडविन एडवर्ड कार एवं थाना प्रभारी महेंद्र सिंह भदोरिया और नायाब तहसीलदार की मौजूदगी बैठक प्रारंभ हुई। बैठक में शांति और सौहार्दपूर्वक मोहर्रम का त्यौहार मनाने के लिए कहा कहा गया। ताजियों की ऊंचाई भी सीमित रखने के लिए निर्देश दिए और कार्यक्रम के दौरान समाज के वालंटियर बुजुर्ग लोगों को साथ में रहने के लिए कहा। इसी बीच थाना प्रभारी महेंद्र सिंह भदोरिया द्वारा एक्सीडेंट में घायल होने वाले लोगों की मदद करने वालों को गुड सेमेरिटन नामक योजना के माध्यम से 5000 रुपये की राशि से पुरस्कृत होने की जानकारी दी गई। बैठक में हिंदू- मुस्लिम दोनों समुदायों के गणमान्य नागरिक और मीडिया तंत्र की मौजूदगी रही।

### खेत में करंट से किसान की हुई मौत

**कटनी।** माधव नगर थाना अंतर्गत निवार चौकी के बंडा गांव खेत में पानी लगाने के दौरान किसान की करंट से मौत हो गई। घटना के बााद ग्राम में शोक की लहर छा गई। घटना के संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बंडा निवासी रामहित पिता राम विश्वास 52 वर्ष, अपने खेत में कार्य कर रहें थे। इसी दौरान उन्हें खेत में करंट लग गया। परिजन जब खेत पहुंचे तो रामहित बेहोशी की हालत में खेत में पड़े हुए थे। परिजनों ने उन्हें तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुँचे जहां डॉक्टरों ने उन्हें इलाज के दौरान मृत घोषित कर दिया।

## अजयपाल किला के रंग महल के बाहरी हिस्से से

# खजाने के लालच में खुदाई का खेल खेला गया

### अज्ञात लोगों के ऊपर अजयगढ़ पुलिस ने किया अपराध पंजीबद्ध

चंदेलकालीन युग के समय में जहां अभेद किला सुरक्षा के रूप में अजयपाल का किला अजयगढ़ में जो अपनी शान को लेकर प्राचीन समय से जाना जाता है। यह किला वर्तमान समय में पुरातत्व विभाग के संरक्षण में माना जाता है। पर जिस तरह से रंग महल में बाहरी हिस्से से ही सही खुदाई खजाने के लालच में की गई है यह सुरक्षा को लेकर एक बड़ी चूक साबित हुई है। अजयगढ़ पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। पर वहीं किले की सुरक्षा को लेकर एक बड़ी चूक सामने आई है।




पन्ना

प्राचीन धरोहरों तथा प्राचीन इतिहास को समेटे हुए चंदेलकालीन युग का अभेद सुरक्षा की दिशा से अजयपाल का किला जो अजयगढ़ में अपनी शान को लेकर जाना जाता है। अजयपाल के नाम से आज अजयगढ़ का नाम भी प्रख्यात है। वहीं अजयपाल का प्राचीन किला जो वर्तमान समय में पुरातत्व विभाग के संरक्षण में बताया जाता है। वहीं इस किले के रंग महल के बाहरी हिस्से से खजाने के लालच में अज्ञात लोगों के द्वारा खुदाई का कार्य किया गया है। यह पहला मामला नहीं है जो खजाने के लालच में अजयगढ़ किले में नजर को लेकर जाना जा रहा है। पर यह बडी खुदाई चर्चा में है जिस तरह से खुदाई करके तहखाने तक जाने के लिए प्रयास किया गया है अजयगढ किला में खजाने की उपलब्धता को लेकर यह लालच माना जा रहा है। जिस तरह से खुदाई की गई वह सुरक्षा को लेकर एक बड़ी चूक सामने आई है। क्योंकि प्राचीन समय की धरोहर अजयपाल का किला वर्तमान समय में जहां पुरातत्व विभाग के संरक्षण में आखिर पुरातत्व के जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारी किसकी जिम्मेदारी है यहां कि सुरक्षा व संरक्षण को लेकर आखिर किले की सुरक्षा में जिस तरह से यह दास्ता खजाने के लालच में खुदाई को लेकर सामने आई है वह कहीं न कहीं हमारे जिले में अजयगढ़ तहसील में अजयपाल के किला को लेकर यह एक बड़ी आसावधानी या लापरवाही को साबित कर रही है। भले ही पुलिस ने मामले को ध्यान में रखकर अज्ञात लोगों के खिलाफ अजयगढ़ थाने में मामला पंजीबद्ध करके पड़ताल करने की कार्यवाही की दिशा तय की जा रही है पर यहां पुरातत्व विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की जिम्मेदारी को लेकर सवाल खड़े किये है। जिस तरह से अजयगढ़ में अजयपाल के किला को लेकर हालात खजाने के लालच में रंग महल तक पहुंचकर बाहरी हिस्से से ही सही खुदाई का कार्य किया गया है। इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि प्राचीन धरोहर अजयपाल की किला को लेकर पुरातत्व विभाग कितना जिम्मेदार साबित हुआ है। देखना यह है कि आगे होता है क्या पुरातत्व विभाग के जिम्मेदारों को लेकर जिले के संवेदनशील कलेक्टर के द्वारा मामले को संज्ञान में लिया जाता है कि नहीं।

## रास्ते को बाधित करना पुलिस को धमकाना अंततः कानून हांथ में लेने वालों को अब पड़ेगा मंहगा



**पन्ना।** जिले की थाना सिमरिया में विगत दिवस शव को रखकर चक्का जाम करते हुए वहीं पुलिस से उलझना पुलिस को धमकाना रास्ते को बाधित किया गया। कई लोगों के ऊपर सिमरिया पुलिस ने गंभीर धाराओं में अपराधत 15 से 20 लोगों के ऊपर दर्ज किया गया है। वहीं 20 से 25 अन्य महिला पुरूष भी आरोपी बनाये गये है। जिस तरह से लोग कानून को हांथ में लेकर दूसरों को समस्या बनते है असमायिक बिना सूचना के चक्का जाम जैसे हालात पैदा करना वहीं पुलिस से झगड़े व धमकी देने के हालात तय करना शासकीय काम में बाधा उत्पन्न करना, दंगा बलवा के हालात को अंजाम देना जो किया जाता है उस में अब शासकीय रूप से पुलिस नये कानून के तहत कार्यवाही को लेकर दिशा तय करने को लेकर जानी जा रही है जिस तरह से सिमरिया में विगत दिवस महिला का शव को रखकर चक्काजाम किया गया। एम्बूलेंस आदि रोकी गई वहीं गलत तरीके से मनमानी के हालात अंजाम देने का काम किया गया। पुलिस से उलझना तथा स्वयं दंगे के हालात को अंजाम ऐसे लोगों के खिलाफ सिमरिया पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध करके कार्यवाही तय किये जाने को लेकर दिशा तय की है देखना यह है कि आगे होता है क्या?

## मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण का अभियान

# न्यायिक मजिस्ट्रेट हिमांशी ठाकुर भारद्वाज ने किया पीपल वृक्षों का रोपण



**पवई।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में प्रदेश व्यापी बृहद वृक्षारोपण का विशेष अभियान चलाया जा रहा है उसी तारतम में पन्ना जिले के पवई में पदस्थ न्यायिक मजिस्ट्रेट हिमांशी ठाकुर भारद्वाज द्वारा वन विभाग के अरंड भवन परिसर मैं पीपल के वृक्षों का रोपण किया गया उनके साथ वन विभाग की एसडीओ कल्पना तिवारी, रेंजर नितेश पटेल सहित संपूर्ण वन अमला मौजूद रहा बता दें कि इन दिनों पूरे प्रदेश भर में मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में 5 जून से लेकर 15 अगस्त तक विशेष वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है जिसमें आग्रह किया गया है कि प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम पांच पांच वृक्षों का रोपण करना है तथा अपने परिवार के अन्य सदस्यों को भी इस पुनीत कार्य के लिए प्रेरित किया जाए यह भी बताया गया कि अन्य देशों के मुकाबले भारत में वृक्षों की संख्या बहुत कम है तथा प्रतिवर्ष तापक्रम एक डिग्री सेल्सियस बढ़ रहा है इस वर्ष भी हमारे देश का तापक्रम 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा जो की चिंताजनक कहा जा सकता है इसलिए पर्यावरण को समानांतर रखने के लिए वृक्षों का रोपण आवश्यक है परिक्षेत्र अधिकारी पवई नितेश पटेल ने बताया की मुख्यमंत्री के निर्देशन में एक पेड़ मां के नाम अभियान पूरे पवई वन क्षेत्र में चल रहा है उन्होंने बताया कि प्रकृति रूपी मां जो हमें सब कुछ देती है उसको हरा भरा बनाने के लिए सभी को वृक्ष रोपित करना चाहिए।

# बुन्देली ब्यंजन भोजनालय का कलेक्टर सुरेश कुमार ने किया शुभारंभ

### *पन्ना जिला मुख्यालय से करीब 3 किलोमीटर छतरपुर की ओर जाने वाली नेशनल हाईबे सड़क में बुन्देली व्यंजन मिलने के लिए बनी सुविधा*



पन्ना

प्राचीन समय में जहां अलग ही तर्ज पर बुन्देलखण्ड में व्यंजनों की उपलब्धता जो स्वयं ही पहचान को लेकर जानी जाती थी वर्तमान समय में यह प्रायः अब कहीं-कहीं मिल पाती है। पर विकास की दिशा में पन्ना जिले में पयर्टकों के लिए आकर्षण का केन्द्र साबित होगी बुन्देली व्यंजन भोजनालय में मिलने वाले भोजन जो कहीं न कहीं बुन्देलखण्ड की पहचान इन व्यंजनों से जानी जायेगी। उत्तर वन मण्डल अधिकारी पन्ना गर्वित गंगवार की यह अनोखी प्रेरणादायी पहल मानी जा रही है। जहां बुन्देली व्यंजनों के लिए बुन्देली अनुभूति एवं स्व. सहायता समूह विजावर की तर्ज पर जिला लघु वन उपज संघ उत्तर वन मण्डल पन्ना की अनोखी पहल पर जीतेन्द्र बाजपेयी ने बुन्देली व्यंजन मिलने के लिए यह प्रतिष्ठान बुन्देली स्टाफ के सहयोग से संचालित किया है जो पन्ना जिला मुख्यालय से छतरपुर की ओर एन.एच. 39 मार्ग में स्मृति वन के पास जहां यह प्रतिष्ठान जो बुन्देली भोजनालय के नाम से जाना जायेगा जिसका शुभारंभ कलेक्टर पन्ना के सुरेश कुमार के द्वारा किया गया है। वहीं इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत वहीं उत्तर वन मण्डल अधिकारी तथा दक्षिण वन मण्डल अधिकारी व अपर सीईओ जिला पंचाायत आशोक चतुर्वेदी मौजूद रहे। इस तरह से अब पन्ना की पहचान बुन्देली व्यंजनों के मिलने से भी जानी जायेगी। विकास की दिशा में यह एक प्रगति पथ का संदेश हमारे प्राचीन समय के व्यंजनों को फिर से खानपान में जहां यादगार के रूप में अपने जिले में ही मिलने के लिए सुविधा के रूप में भी यह बेमिशाल जाना जायेगा।

# गांजा का अवैध रूप से विक्रय करने वाले आरोपी को 2 वर्ष का कठोर कारावास एवं जुर्माना

पन्ना।

कार्यालय जिला लोक अभियोजन अधिकारी पन्ना के मीडिया प्रभारी/सहा.जि.लोक अभि.अधि. ऋषिकांत द्विवेदी के बताये अनुसार घटना संक्षेप में इस प्रकार है कि, दिनांक 08.08.2019 को उपनिरीक्षक निरंकार सिंह ने इस आशय की देहाती नालसी लेख किया कि दिनांक 08.08.2019 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि दो लड़के जिनकी उम्र करीब 25-26 साल है, बिना नम्बर की बजाज सीटी-100 मोटरसाइकिल की डिग्गी में गांजा लेकर दुरेहा होते हुए पवई तरफ जा रहे हैं। मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्यवाही हेतु हमराह बल एवं गवाह के रवाना होकर वन बैरियल सेल्हा पहुंच कर दुरेहा तरफ से आने वाले दो पहिया वाहनों पर निगाह बनाये रखा। 15:00 बजे मुखबिर की सूचना अनुसार बिना नम्बर की बजाज सीटी-100 मोटरसाइकिल में दो लोगों के बैरियल आने पर उन्हें रोका। साक्षियों के समक्ष उनसे नाम पता पूछा तो मोटरसाइकिल चला रहे व्यक्ति ने अपना नाम लक्ष्मण प्रसाद सिंगरौल व मोटरसाइकिल के पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम समरजीत कोल दोनों निवासी देवगुना थाना जसो जिला सतना का होना बताया। संदेहियों को मुखबिर सूचना से अवगत कराया गया कि तुम मोटरसाइकिल की डिग्गी में गांजा लेकर पवई तरफ बेचने जा रहे हो। संदेहियों की जामा तलाशी लिया तो संदेही लक्ष्मण प्रसाद सिंगरौल के पैन्ट की जेब में 700/- रूपये व समरजीत कोल के जेब में 200/- रूपये मिले, एवं संदेहियों के कब्जे की मोटर साइकिल बजाज सीटी-100 की तलाशी पर मोटरसाइकिल की डिग्गी में एक पोटली कपड़े की मिली, जिसे खोलकर देखा गया तो एक सफेद रंग की पन्नी के अंदर हरे रंग की पत्ती, डण्ठल, बीज मादक पदार्थ गांजा के जैसे होना पाये जाने पर मादक पदार्थ की बरामदगी का पंचनामा तैयार किया, उसमें से पत्ती डण्ठल बीज की कुछ मात्रा लेकर स्वयं हमराही बल एवं साक्षियों को सुंघाकर जलाकर रगड़कर पहचान कराने पर साक्षियों ने मादक पदार्थ गांजा होना बताया। मादक पदार्थ गांजा की तौल इलेक्ट्रॉनिक तराजू से मौके पर करायी गयी तो मादक पदार्थ गांजा का कुल वजन 01 किलो 400 ग्राम होना पाया गया, कुल मादक पदार्थ गांजा में से 50-50 ग्राम गांजा तौलकर सेम्पल हेतु निकालकर पृथक-पृथक दो पैकेट तैयार किये, तौल पंचनामा तैयार किया। आरोपीगण का कृत्य धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट के अंतर्गत दण्डनीय अपराध पाये जाने से आरोपीगण को गिरफ्तारी का कारण बताकर व उनके संवैधानिक अधिकारों से अवगत कराकर विधिवत मुताबिक गिरफ्तारी पत्रक के गिरफ्तार किया गया। उक्त देहाती नालसी के आधार पर थाना सलेहा में धारा 8/20बी एन.डी.पी.एस. एक्ट के अंतर्गत अभियुक्तगण लक्ष्मण प्रसाद सिंगरौल एवं समरजीत कोल के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान घटनास्थल का नक्शामौका तैयार किया गया, सुसंगत साक्षीगण के कथन लेखबद्ध किये गये। सम्पूर्ण विवेचना उपरांत अभियुक्तगण के विरूद्ध धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट के अंतर्गत इस न्यायालय के समक्ष अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया है। माननीय श्रीमान इंद्रजीत रघुवंशी विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट के न्यायालय मे शासन की ओर से पैरवी करते हुए श्री सुनील कुमार द्विवेदी अपर जिला लोक अभियोजक द्वारा दौरान विचारण अभियोजन के साक्ष्य को क्रमबद्ध तरीके से लिपिबद्ध कराकर न्यायालय के समक्ष आरोपी के विरूद्ध आरोप को संदेह से परे प्रमाणित किया तथा आरोपी का कृत्य गंभीरतम होने के कारण उन्हे कठोर से कठोरतम सजा दिये जाने का अनुरोध किया। अभिलेख पर आई साक्ष्य और अभियोजन के तर्को एवं न्यायिक दृष्टांतो से संतुष्ट होते हुए न्यायालय द्वारा आरोपी लक्ष्मण प्रसाद सिंगरौल को धारा-8/20(बी)(पप)(बी) एनडीपीएस एक्ट में 02 वर्ष का कठोर कारावास एवं 25000 रूपए का अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# ग्राम पंचायत स्तर पर जनसुनवाई में जिम्मेदार पटवारी व सचिव के न पहुंचने पर कलेक्टर सुरेश कुमार ने कारण बताओ नोटिस किये जारी

### *वहीं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीसंघप्रिय ने पंचायत सचिव भसूड़ा संतोष सिंह को जनसुनवाई में अनुपस्थित रहने पर किया निलंबित*

जनसुनवाई में पहली बार इस तरह से जहां जमीनी स्तर पर आम जनता की सुनवाई को लेकर जिले के मुखिया स्वयं नजर बनाये हुए है। जो भी जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी के निर्वाहन में लापरवाही बरतेंगें उन पर कलेक्टर पन्ना सुरेश कुमार ने भी कार्यवाही के रूप में अंजाम दे रहे है। जिस तरह से उदाहरण के तौर पर पटवारी व सचिव को नोटिस जारी कर दिया गया संदेश।




पन्ना

कलेक्टर पन्ना सुरेश कुमार आम जनता की समस्याओं के निदान को लेकर ग्राम पंचायत स्तर पर ही जहां जमीनी अमले को पंचायत स्तर पर हर मंगलवार को जन सुनवाई में उपस्थित होकर जनता की समस्याओं को सुनकर निदान करने की पहल को लेकर संवेदनशील है यह सायद जिले में पहली बार जनता की समस्याओं को लेकर प्रशासन की मुखिया की सोच सामने आई है। जहां आम जनता को अब भरोसा कायम होने लगा कि पंचायत स्तर पर ही हमारी समस्याओं का निदान संभव है क्योंकि जो भी जिम्मेदार कर्मचारी अधिकारी जिन्हें जनसुनवाई में पहुंचकर जनता की समस्याओं का निदान करना है अगर समय पर नहीं पहुंचे लापरवाही को अंजाम दिया तो उनकी भी सुनवाई कार्यवाही के रूप में स्वयं जिला प्रशासन के मुखिया कलेक्टर पन्ना के द्वारा संज्ञान में लिया जाता है। जिस तरह से अभी हाल में ही जन सुनवाई में पटवारी व सचिव जो लापरवाही को लेकर जाने गये जो अनुपिस्थत रहे उन्हें नोटिस जारी कर कार्यवाही की दिशा तय की गई है इससे सहज ही अंदाजा लगाया जाता है कि जनसुनवाई को लेकर आम जनता की समस्याओं के प्रति निदान को लेकर उन्हें न्याय दिलाने के लिए कलेक्टर पन्ना सुरेश कुमार की सोच स्वयं ही साबित कर रही है। आखिर क्यों न भरोसा आम जनता में कायम होगा जब जनता की समस्याओं के लिए कलेक्टर स्वयं ही जिम्मेदारों के लिए सजग कर रहे है। अब ग्राम पंचायत स्तर पर जन सुनवाई प्रभावी तरीके से संभव होने के हालात माने जा रहे है। जहां पंचायत स्तर पर ही आम जनता की समस्यायें जो आम होती है किसी की जमीन से संबंधित तो किसी को पंचायत की योजनाओं का लाभ नहीं मिलना वहीं स्वस्थ तथा आंगनवाडी जैसी समस्यायें यानि की ग्राम पंचायत स्तर पर जो समस्यायें सामने आती है उन पर कार्यवाही को लेकर जिले में पहली बार संवेदनशीलता बरती जा रही है। जो कलेक्टर सुरेश कुमार की कार्यप्रणाली से माना जा रहा है। निश्चित ही आम जनता को भरोसा अब प्रशासन पर उनकी जनसुनवाई की कार्यवाही से जाना जायेगा। जिस तरह से स्वयं जिला कलेक्टर तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जनसुनवाई को लेकर संवेदनशीलता के साथ आमजनों की सुनवाई के लिए तत्पर है उससे अब हालात जनसुनवाई में लोगों की समस्यायें पंचायत स्तर पर ही निदान को लेकर मानी जा रही है।



# केन्द्रीय विद्यालय संगठन जबलपुर संभाग खेलकूद प्रतियोगिता में पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पन्ना का शानदार प्रदर्शन









**पन्ना।** केन्द्रीय विद्यालय संगठन जबलपुर संभाग क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में केन्द्रीय विद्यालय पन्ना से विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में कुल 25 खिलाडी जिनमें बैडमिंटन ,डिस्कस, जूडो, हैमर, भाला फेंक ,योगा में प्रतिभाग किया और क्षेत्रीय स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन करके विद्यालय का नाम रोशन किया। 5 खिलाड़ी बैडमिंटन प्रतियोगिता में जिसमें 01बालिका ¬-17, और 04 बालक ¬-14. । जूडो 01 बालक ¬-17 योगा 06, बालक और 07 बालिका, एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 01 बालिका डिस्कस थ्रो ¬-14 में, 02 बालक दौड़ प्रतियोगिता ¬-17 में, 01 बालक भाला फेंक प्रतियोगिता ¬-17 में, और 02 बालक हैमर थ्रो प्रतियोगिता ¬-19 में। इन खेलों में से 4 खिलाडी राष्ट्रीय खेल कूद प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए। ¬-14 डिस्कस थ्रो में शिक्षा यादव। ¬-14 योगा में अग्नि अवस्थी। बालक ¬-19 हैमर थ्रो में, अक्षत तिवारी और लक्ष्य मिश्रा। क्षेत्रीय खेल- कूद प्रतियोगिता में 3 गोल्ड मेडल,4 सिल्वर मेडल सहित कुल 7 पदक केन्द्रीय विद्यालय पन्ना को प्राप्त हुए द्य ये खिलाडी अब केन्द्रीय विद्यालय संगठन के राष्ट्रीय खेल दूकूद प्रतियोगिता में जबलपुर संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगें। इसका संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के लिए विद्यालय के प्राचार्य अमित दाहिया ने खेल शिक्षक दिनेश यादव की मेहनत और लगन के लिए बधाई दी और प्रतिभागी विद्यार्थियों को आगामी राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता के लिए बेहतर प्रदर्शन हेतु अभी से अभ्यास और कठिन परिश्रम के लिए शुभकामनाएँ दी।

**खबर संक्षेप**

## मारपीट करने वालों को पुलिस ने 2 घंटे में पकड़ा



**छतरपुर।** गत रोज राजनगर थाना क्षेत्र के ग्राम घोडापुरवा में दो युवकों ने मिलकर एक व्यक्ति के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की थी। पीड़ित द्वारा थाने में शिकायत किए जाने के बाद पुलिस ने महज 2 घंटे में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। राजनगर थाना प्रभारी उपनिरीक्षक सिद्धार्थ शर्मा ने बताया कि फरियादी की शिकायत पर थाना में मारपीट करने वाले दीना पाल और भूपत पाल दोनों निवासी घोड़ापुरवा के विरुद्ध धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) और 324(4) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया था। घटना को गंभीरता से लेकर पुलिस टीम ने 2 घंटे के भीतर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त लाठी भी जप्त की गई है।

## सोशल मीडिया पर वायरल हुआ मारपीट का वीडियो

**छतरपुर।** पिछले दो दिनों से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे भीषण मारपीट के एक वीडियो को संज्ञान में लेकर पुलिस ने दोनों पक्षों पर मामला दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने बताया कि मारपीट का यह वीडियो बमीठा थाना क्षेत्र के ग्राम पहरा का है, जहां रास्ते से निकलने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद तथा मारपीट हुई थी। मारपीट का वीडियो सामने आने के बाद मामले को संज्ञान में लेकर बमीठा पुलिस को कार्रवाई के निर्देशित किया गया। बमीठा थाना में दोनों पक्षों के विरुद्ध मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### बड़ी मात्रा में अवैध हथियारों के साथ निर्माण सामग्री जब्त

# यू-ट्यूब से हथियार बनाना सीखा और खोल ली फैक्ट्री, संचालक सहित 4 अपराधी गिरफ्तार

**छतरपुर।** पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गए अवैध हथियारों की तस्करी, खरीद-फरोख्त और निर्माण करने वाले अपराधियों को खोजकर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देशों का पालन करते हुए नौगांव पुलिस द्वारा बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। नौगांव पुलिस ने न सिर्फ अवैध हथियार की फैक्ट्री पर छापामार कर निर्माण सामग्री जप्त की है बल्कि फैक्ट्री संचालक सहित हथियार खरीदने वाले 4 अपराधियों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से बड़ी मात्रा में अवैध हथियार भी बरामद किए हैं। शनिवार को जिला मुख्यालय के पुलिस कंट्रोल रूम में पुलिस अधीक्षक ने कार्रवाई की विस्तृत जानकारी मीडियाकर्मियों के साथ साझा करते हुए बताया कि हथियार बनाने की अवैध फैक्ट्री का संचालन करने वाले मुख्य आरोपी ने यु-ट्यूब से हथियार बनाना सीखा था।

### इस तरह हुई कार्रवाई की शुरुआत

मामले का खुलासा करते हुए एसपी अगम जैन ने बताया कि गत 11 जुलाई को नौगांव थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के गर्रोली रोड पर एक व्यक्ति कट्टा लिए घूम रहा है। सूचना मिलते ही नौगांव एसडीओपी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सतीश सिंह शिकरवार और गर्रोली चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक नेहा गुर्जर की टीम ने संबंधित स्थान पर दबिश देकर संदिग्ध को हिरासत में लिया। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम कमलेश सोनकिया उम्र 50 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 20 गर्रोली रोड नौगांव बताया। तलाशी लेने पर उसके पास 315 बोर का देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस मिले, जिन्हें जब्त कर कमलेश के विरुद्ध नौगांव थाना में 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। इसके अलावा कमलेश के विरुद्ध हत्या एवं अवैध शस्त्र सहित 3 अपराध पूर्व से दर्ज हैं।



### अपराधी की निशानदेही पर पकड़ा हथियार फैक्ट्री का संचालक

जब्त हथियार के संबंध में जब कमलेश से पूछताछ की गई तो उसने उक्त कट्टा-कारतूस ग्राम चन्द्रपुरा निवासी पूरन अहिरवार से खरीदना बताया। इसी जानकारी के आधार पर पुलिस टीम ने पूरन अहिरवार के खेत पर बने बाड़े की तलाशी ली तो पता चला कि पूरन अहिरवार द्वारा यहां हथियार बनाने की अवैध फैक्ट्री का संचालन किया जा रहा है। मौके पर पुलिस को 315 बोर के दो देशी कट्टे, एक देशी 6 राउण्डर हथियार, एक 315 की देशी अद्दी (कट्टा), एक अधबना देशी कट्टा, ड्रिल मशीन सहित हथियार निर्माण में इस्तेमाल होने वाले विभिन्न यंत्र और सामग्री मिली, जिसे जब्त करते हुए टीम ने पूरनलाल अहिरवार उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम चन्द्रपुरा को गिरफ्तार किया। पूरनलाल ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि करीब 5 वर्ष पूर्व उसने यू-ट्यूब की मदद से हथियार बनाना सीखा था और तभी से वह लगातार हथियार बनाकर मध्यप्रदेश तथा उत्तरप्रदेश के सीमावर्ती इलाकों में हथियार की सप्लाई कर रहा है। पूरनलाल अहिरवार ने पूछताछ में उन लोगों के नाम भी बताए, जिन्हें उसके द्वारा हथियार बेचे गए थे। पूरन ने बताया कि हाल ही में उसने कदीर खान उम्र 37 वर्ष निवासी नालापार नौगांव और आनंद ठाकुर निवासी चन्द्रपुरा को हथियार बेचे थे। इस जानकारी के आधार पर पुलिस ने कदीर खान को 315 बोर के देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार कर लिया है, जबकि आनंद ठाकुर अभी फरार है, पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

### विवेचना के दौरान पकड़ा गया शातिर अपराधी

उक्त विवेचना के दौरान एक और शातिर अपराधी नौगांव पुलिस के हाथ लगा है, जिसके विरुद्ध थाना में लगभग आधा दर्जन अपराध पंजीबद्ध हैं। एसपी श्री जैन ने बताया कि विवेचना के दौरान पुलिस ने गर्रोली निवासी शिवप्रसाद यादव उम्र 48 वर्ष को पकड़ा है, जो 315 बोर का देशी कट्टा और दो कारतूस लिये दहशत फैलाने की नियत से घूम रहा था। शिवप्रसाद ने पूछताछ में उक्त कट्टा भरत यादव निवासी ग्राम अमा हाल निवासी हरपालपुर से खरीदना बताया। भरत यादव की तलाश अभी जारी है। एसपी ने बताया कि पकड़े गए अपराधी शिवप्रसाद के विरुद्ध बलवा, मारपीट सहित 6 अपराध पूर्व से दर्ज हैं।

## आदतन अपराधी ने दिया था चोरी की वारदात को अंजाम

**छतरपुर।** बड़ामलहरा थाना क्षेत्र के ग्राम बरमा में पिछले दिनों सूने घर से हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा करते हुए बताया कि क्षेत्र के आदतन अपराधी द्वारा चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी के कब्जे से चोरी की संपत्ति भी बरामद कर ली गई है। बड़ामलहरा थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र वर्मा ने बताया कि 10 जुलाई को बरमा निवासी पीड़ित परिवार शादी समारोह में शामिल होने के लिए गांव से बाहर गया हुआ था और घर पर ताला डला था। घर सूना होने का फायदा उठाकर चोर ने घर में रखे आभूषण और नगदी सहित कुछ अन्य सामग्री चोरी कर ली। सुबह जब परिवार वापिस लौटा तब उन्हें चोरी की जानकारी लगी और उनके द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। पीड़ित परिवार की शिकायत पर धारा 305, 331(4) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया और विवेचना हेतु सेंधपा चौकी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक रामप्रकाश के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। उक्त टीम को विवेचना के दौरान पता चला कि उक्त वारदात को क्षेत्र के आदतन अपराधी अजेंद्र घोष उर्फ बड़े भैया ने अंजाम दिया है। अजेन्द्र को हिरासत में लेकर पूछताछ किए जाने पर उसने जुर्म कबूल कर लिया। अजेन्द्र ने चोरी का माल जंगल की झाड़ियों में छिपाकर रखा था, जिसे उसकी निशानदेही पर पुलिस ने बरामद कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि अजेंद्र घोष के विरुद्ध छेड़छाड़, बालकों के लैंगिक संरक्षण अधिनियम के दो अपराध, मारपीट एवं एससी-एसटी सहित 4 अपराध पूर्व से दर्ज हैं। उसे न्यायालय पेश कर जेल भेज दिया गया है।



## आवारा गौवंश लेकर गौशाला पहुंचे किसानों ने किया चक्काजाम

**नौगांव।** शनिवार को छतरपुर रोड पर ग्राम नयागांव के समीप स्थित बुंदेलखंड गौशाला के प्रबंधन पर अनियमितता के आरोप लगाते हुए क्षेत्रीय किसानों ने हाईवे पर जाम कर दिया, जिसके चलते कई घंटों तक आवागमन अवरुद्ध रहा। किसानों का आरोप था कि बुंदेलखंड गौशाला प्रबंधन की मनमानी के चलते गौशाला में प्रतिदिन गौवंश की भूख और बीमारी से मौत हो रही है, जबकि दस्तावेजों में इस बात को छिपाया जा रहा है। सुबह के वक्त करीब दो दर्जन क्षेत्र में खुले घूम रहे लगभग एक सैकड़ा पशुओं को लेकर गौशाला पहुंचे और पशुओं को अंदर करने के बाद प्रबंधन के खिलाफ सड़क पर बैठ गए। प्रदर्शनकारी किसानों



ने बताया कि बुंदेलखंड गौशाला को शासन की ओर से लगभग 35 से 40 एकड़ जमीन दी गई है बावजूद इसके प्रबंधन ठीक ढंग से गौवंश की सेवा नहीं कर रहा है। किसानों ने आरोप लगाया है कि गौशाला के रिकॉर्ड में गौवंश की जितनी संख्या दर्ज है, उतना गौवंश गौशाला में नहीं है। गौशाला के कर्मचारियों पर आरोप है कि वे आए दिन पशुओं को सड़क पर छोड़ देते हैं, जो खेतों में घुसकर फसलों को क्षति पहुंचा रहे हैं। किसानों ने कहा कि प्रबंधन द्वारा गौशाला की जमीन को ठेके पर दे दिया जाता है और मनमाने तरीके से खेती कराई जाती है। किसानों ने बताया कि यदि ठीक ढंग से खेती करवाई जाए तो यहां लगभग 1 हजार गौवंश को रखा जा सकता है। उक्त हंगामे की खबर लगते ही एसडीएम विशा माधवानी और एसडीओपी चंचलेश मरकाम मौके पर पहुंचे तथा किसानों की बात सुनने के बाद उन्हें समझाइश दी जब जाकर किसान सड़क से हटे। एसडीएम ने किसानों की समस्या सुनने के बाद जांच करवाने और कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

## जमीनी विवाद के चलते अधेड़ की नृशंस हत्या



**छतरपुर।** नौगांव थाना अंतर्गत आने वाली लुगासी चौकी क्षेत्र के ग्राम धीरजपुर में शनिवार को जमीनी विवाद के चलते एक अधेड़ की नृशंस हत्या कर दी गई। बताया गया है कि आरोपीगण मृतक की जमीन के बगल से निकले नाले से बालू निकाल रहे थे और जब अधेड़ ने उन्हें रोका तो आरोपियों ने कुल्हाड़ी से उस पर हमला कर दिया। गर्दन में कुल्हाड़ी लगने के कारण मृतक बुरी तरह घायल हो गया था, परिजन उसे घायल अवस्था में पुलिस की मदद से अस्पताल ले जा रहे थे तभी उसने दम तोड़ दिया। मृतक के पिता ने अपने ही परिवार के एक दर्जन लोगों पर जमीनी विवाद के चलते हत्या के आरोप लगाए हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मूलतः उत्तरप्रदेश के रहने वाले गिरधारी लाल यादव को कई वर्ष पहले उसकी ससुराल नौगांव थाना अंतर्गत आने वाली लुगासी चौकी क्षेत्र के धीरजपुर में सास-ससुर के द्वारा कृषि भूमि दी गई थी। जमीन मिलने के बाद गिरधारी अपने परिवार के साथ धीरजपुर में ही रहने लगा था। गिरधारी को जमीन मिलने से उसकी ससुराल पक्ष के पारिवारिक लोग नाखुश थे और लंबे समय से उनका गिरधारी के साथ विवाद चला आ रहा है। गिरधारी यादव ने बताया कि दो दिन पूर्व उसके परिवार में वैवाहिक समारोह संपन्न हुआ था। शनिवार को घर में विवाह की रस्में चल रहीं थीं। उसका छोटा पुत्र सुबह से अपने पशुओं को चराने के लिए गांव की पहाड़ी के पास मौजूद अपने खेतों पर गया था। दोपहर करीब 12 बजे उसका बड़ा पुत्र शंकर यादव उम्र 55 वर्ष खेतों पर पहुंचा और छोटे भाई को भोजन के लिए घर भेज दिया। इसी बीच शंकर ने देखा कि जिन लोगों से उसका जमीनी विवाद चल रहा है वे जमीन के बगल से निकले नाले में से बालू निकाल रहे हैं। शंकर ने पास जाकर उक्त लोगों को रेत निकालने से रोका तो वाद-विवाद होने लगा। वाद-विवाद इतना बढ़ा कि बात मारपीट तक पहुंच गई और फिर मारपीट के दौरान आरोपियों में से किसी ने शंकर की गर्दन पर कुल्हाड़ी मार दी, जिससे वह बुरी तरह घायल होकर वहीं बेहोश हो गया। गिरधारी का कहना है कि घटना के बाद आरोपियों ने ही घर पर फोन लगाकर सूचना दी और फिर फरार हो गए। जानकारी मिलते ही घर के सदस्य दौड़ते हुए खेत पर पहुंचे जहां शंकर खून से लथपथ पड़ा हुआ था। परिजन तत्काल उसे उठाकर लुगासी चौकी पहुंचे और यहां से तुरंत उसे नौगांव अस्पताल ले जाया गया लेकिन नौगांव पहुंचने से पहले ही शंकर की मौत हो गई। शंकर के पिता गिरधारी का आरोप है कि परिवार के बुद्ध सिंह पुत्र गोविंददास, करन सिंह पुत्र बुद्ध सिंह, जाहर सिंह, महंता यादव, रामलाल यादव पुत्रगण गोविंददास यादव, विशेष यादव, रोहित यादव पुत्रगण जाहर सिंह यादव, कल्लू पुत्र महंता यादव, राजू, हल्कांई, देशराज, ब्रजकिशोर यादव पुत्रगण रामलाल यादव ने जमीनी विवाद के चलते हत्या की वारदात को अंजाम दिया है। घटना के बाद नौगांव थाना प्रभारी सतीश सिंह और लुगासी चौकी प्रभारी बलराम सिंह ने घटना स्थल का मुआयना कर विवेचना शुरु कर दी है।

### इनका कहना है

नौगांव थाना क्षेत्र में एक घटना सामने आयी है। पूरी टीम घटना स्थल पर है। संभावना है कि पुरानी रंजिश के चलते व्यक्ति ने घटना घटित की है। प्रथम दृष्टया साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी।

**अगम जैन, एसपी छतरपुर**

## दो राज्यों की पुलिस ने मिलकर पकड़ा अन्तर्राज्यीय पशु चोर गिरोह

**छतरपुर।** गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र के एक गांव से पिछले दिनों भैंसों की चोरी होने की खबर सामने आई थी। पीड़ित किसान की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध करने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया और पड़ोसी राज्य उत्तरप्रदेश की पुलिस से सहायता लेकर अन्तर्राज्यीय पशु चोर गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। चोरों उस वक्त पकड़े गए जब वे चोरी की भैंसों को एक पिकअप वाहन में लादकर कहीं ले जा रहे थे। पुलिस ने चोरी की भैसों से लोड पिकअप को भी जब्त किया है। पकड़े गए चोरों के विरुद्ध दोनों राज्यों में अलग-अलग अपराध पंजीबद्ध किए गए हैं।गढ़ीमलहरा थान प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि गत 4 जुलाई को ग्राम गणेशपुरा निवासी अशोक कुशवाहा ने अपनी चार नगर भैंसें चोरी होने की शिकायत थाने में की थी, जिस पर अज्ञात के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था। प्रकरण की विवेचना करने वाली पुलिस टीम ने क्षेत्र में मूवमेंट करने वाले संदिग्धों सहित क्षेत्र के मुख्य मार्गों के सीसीटीवी कैमरों की जांच करते हुए साक्ष्य एवं जानकारी एकत्र की और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। इसी बीच टीम को सूचना मिली कि पशु चोर गिरोह के 4 सदस्य पड़ोसी राज्य उत्तरप्रदेश के महोबा जिला अंतर्गत चरखारी थाना की सूपा चौकी क्षेत्र में हैं तथा उनके पास 1 पिकअप वाहन है, जिसमें 4 नग भैंसें लोड हैं। उक्त सूचना के आधार पर पर गढ़ीमलहरा पुलिस की टीम ने चरखारी थाना प्रभारी उप निरीक्षक गणेश कुमार गुप्ता से समन्वय बनाते हुए संबंधित स्थान पर दबिश देकर चारों युवकों को हिरासत में लिया, साथ ही उनके पास मौजूद भैंसों से लोड पिकअप को जब्त किया। पकड़े गए युवकों ने अपने नाम संतोष यादव, दिलीप रैकवार, विजय कुशवाहा और रामकुमार कुशवाहा सभी निवासी जैतपुर मोहल्ला बेलाताल जिला महोबा बताए और पिकअप में जो 4 नग भैंसें लोड थीं वे चोरी की बताई गईं। चारों के विरुद्ध थाना चरखारी में भारतीय न्याय संहिता की धारा 317(2), 112(2), 11(1)(डी),(ई) एवं पशु क्रूरता निवारक अधिनियम का अपराध अलग से पंजीबद्ध किया गया है। थाना गढ़ीमलहरा जिला छतरपुर एवं थाना चरखारी जिला महोबा की पुलिस द्वारा पृथक-पृथक प्रकरण की विवेचना कार्यवाही की जा रही है।



## खजुराहो में चलाया गया सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान



**खजुराहो।** नगर परिषद द्वारा शासन के स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में कलेक्टर छतरपुर संदीप जी.आर.के निर्देशन में नपअध्यक्ष अरूण अवस्थी तथा सी.एम.ओ.बसंत चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में नप अमले द्वारा नगर के विभिन्न वार्डो में साफ सफाई अभियान चलाया गया। नगरवासियों को स्वच्छता अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान के लिए जागृत किया गया। उक्त अभियान के अंतर्गत नगर के मुख्य मार्गो के साथ मलीन बस्तियों की साफ सफाई करवाई गई साथ ही नालियों की सफाई, सेल्फी पॉइंट की सफाई हुई। गौरतलब है कि स्वच्छ सर्वेक्षण में नगर के सभी स्थानों की साफ सफाई रखना अनिवार्य रहता है। सी.एम.ओ.बसंत चतुर्वेदी के अनुसार इस बार प्रयाश करेंगे कि खजुराहो को स्वच्छता सर्वेक्षण में पहली रैंक मिले।

## महिला खेलों को प्रोत्साहनः एनटीपीसी विंध्याचल का अनुकरणीय सीएसआर प्रयास



**एनटीपीसी।** विंध्याचल सीएसआर अनुभाग एवं जिला फुटबाल संघ के तत्वावधान में अंतर जिला महिला फुटबॉल प्रतियोगिता एवं नेशनल कैंप का आयोजन एनटीपीसी के अंबेडकर स्टेडियम में 7 जुलाई 2024 से 25 जुलाई 2024 तक किया गया है। यह आयोजन महिला फुटबॉल खिलाड़ियों को एक मंच प्रदान करने और खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया है।अंतर जिला महिला फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ 7 जुलाई 2024 को मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यकारी निदेशक एनटीपीसीविंध्याचल ई. सत्यफनी कुमार के द्वारा किया गया । इस अवसर पर मानव संसाधन अपर महाप्रबंधक राकेश अरोड़ा, उप महाप्रबंधक प्रणव वर्मा, जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष आरपी पटेल तथा संघ के अन्य पदाधिकारी भी समारोह में उपस्थित थे।

टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच मंडल जिला और रायसेन जिला के मध्य खेला गया। इस टूर्नामेंट में मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों की महिला फुटबॉल टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों की टीमें अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी।

प्रतियोगिता समाप्त होने के बाद, 14 जुलाई से 25 जुलाई तक नेशनल कैंप का आयोजन किया जायेगा। इस कैंप में चयनित खिलाड़ियों को प्रशिक्षित कर उनके खेल कौशल को और निखारा जाएगा। नेशनल कैंप के समापन पश्चात प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को चयन कर नेशनल टीम का गठन किया जाएगा, जो कर्नाटक में आयोजित होने वाले नेशनल टूर्नामेंट में भाग लेगी।

## बिजली नहीं, बिजली का बिल मार रहा करंट...!

**बमीठा।** क्षेत्र के एक गांव में छोटी सी पंचर की दुकान संचालित कर अपने परिवार का भरण-पोषण करने वाले युवक को विद्युत विभाग ने ऐसा बिल थमाया कि बिल देखने के बाद से दुकानदार सदमे में है। दरअसल विद्युत विभाग द्वारा युवक को दिया गया एक माह का बिल लाखों में है, जिसके चलते दुकानदार के होश उड़े हुए हैं और अब वह विभागीय अधिकारियों के चक्कर काट रहा है। मामला राजनगर ब्लॉक के ग्राम इमलाहा का है, जहां का रहने वाला संतोष पुत्र लखन साहू गांव में छोटी सी दुकान संचालित कर साईकिलों का पंचर सुधारकर अपना घर चलाता है। संतोष के मुताबिक इस महीने विद्युत विभाग द्वारा उसे 1 लाख 22 हजार 383 रुपए का बिल दिया गया है, जिसके बाद से वह सदमे में है। संतोष ने बताया कि हर महीने उसका बिल लगभग दो हजार रुपए आता था, जिसे वह समय पर चुकाता रहा है, किंतु जून विभाग द्वारा जून मा का बिल लगभग सवा लाख रुपए दिया गया है, जिसे चुकाने की उसकी हैसियत नहीं है। संतोष का आरोप है कि जब उसने मीटर रीडर जालम सिंह यादव से बात की तो उसके द्वारा मीटर की रीडिंग ने सुधार के बदले खर्च-पानी मांगा। बहरहाल भले ही यह बिल विभाग की गलती से जारी हुआ हो लेकिन मामला सामने आने के बाद स्थानीय लोगों द्वारा बिजली नहीं, बिजली के बिल द्वारा करंट मारे जाने की बात कहकर मौज काटी जा रही है।

**इनका कहना है -**

आपके माध्यम से जानकारी मिली है, इस मामले को विशेष रूप से संज्ञान मे लेकर, जांच और सुधार कराया जाएगा।

**बीके तिवारी, कनिष्ठ अभियंता, बमीठा**

## ग्रामीण शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए एनटीपीसी विंध्याचल CSR का योगदान



**एनटीपीसी**-विंध्याचल द्वारा नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत परियोजना के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु विगत कई वर्षों से अनेक प्रकार के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य शिक्षा के माध्यम से समुदायों को सशक्त बनाना और छात्रों के लिए बेहतर शैक्षिक संसाधन उपलब्ध कराना है। इस पहल के तहत आज दिनांक 12/07/2024 को शासकीय स्कूल शाहपुर नवजीवन विहार सेक्टर-9, में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान स्कूल के छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग वितरित किए गए। यह आयोजन न केवल बच्चों को आवश्यक शैक्षिक सामग्री प्रदान करने के उद्देश्य से था, बल्कि उनके अध्ययन के प्रति उत्साह और प्रेरणा को भी बढ़ावा देना था।इस अवसर पर एनटीपीसी-विंध्याचल के प्रतिनिधियों ने कहा कि वे शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सुधार और समर्थन के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बच्चों को बेहतर शिक्षा संसाधन उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है और वे इसके लिए हर संभव प्रयास करते रहेंगे। इसके अलावा, छात्रों और अध्यापकों तथा वार्ड पार्षद ने इस पहल की सराहना की और एनटीपीसी-विंध्याचल का धन्यवाद किया।इस प्रकार की गतिविधियाँ न केवल बच्चों को भौतिक संसाधन उपलब्ध कराती हैं, बल्कि उनमें आत्मविश्वास और शिक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण भी विकसित करती हैं। एनटीपीसी-विंध्याचल का यह प्रयास शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण योगदान है और इससे निश्चित रूप से क्षेत्र के बच्चों को लाभ मिलेगा। इस कार्यक्रम में कार्यपालक (सीएसआर) निखिल जायसवाल एवं उनकी टीम तथा वार्ड पार्षद श्रीमति श्यामला देवी विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

## सिंगरौली परिक्षेत्र में एनसीएल की सीएसआर पहल के तहत चलेंगी 4 मोबाइल मेडिकल यूनिट्स

**सिंगरौली।** शनिवार को एनसीएल के नेहरू शताब्दी चिकित्सालय, जयंत में माननीय लोकसभा सांसद (सीधी) डॉ. राजेश मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर 4 मोबाइल मेडिकल यूनिट्स का लोकार्पण किया गया। एनसीएल की सीएसआर के तहत की गई इस पहल से सिंगरौली परिक्षेत्र की चिकित्सा सुविधाओं को नया आयाम मिलेगा।

कार्यक्रम के दौरान श्री राम निवास शाह माननीय विधायक-सिंगरौली, श्री विश्वामित्र पाठक माननीय विधायक सिहावल, श्री चन्द्रशेखर शुक्ला-कलेक्टर सिंगरौली, सीएमडी एनसीएल श्री बी. साईराम, श्रीमती निवेदिता गुप्ता-पुलिस अधीक्षक सिंगरौली, श्री सृजन वर्मा एसडीएम सिंगरौली, निदेशक (कार्मिक), एनसीएल श्री मनीष कुमार, श्री लक्ष्मा रेड्डी कोयला प्रभारी बीएमएस, श्री देवेश पांडेय नगर निगम अध्यक्ष, कंपनी जेसीसी सदस्य श्री अजय कुमार श्री, अशोक कुमार पांडेय अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य व्यक्ति व एनसीएल कर्मी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माननीय सांसद डा. राजेश मिश्रा ने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि एनसीएल के सौजन्य से सिंगरौली परिक्षेत्र को चिकित्सा के क्षेत्र में नई सौगात मिली है। उन्होने एनसीएल को इस पहल के लिए बधाई देते हुए कहा कि इस पहल से अस्पताल तक न पहुँच पाने वाले ग्रामीण अंचल के रोगियों तक अस्पताल सीधे पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि इस सुविधा के माध्यम से सामाजिक व मानवीय संवेदना के साथ ग्रामीणों की चिकित्सकीय मदद करें। इस अवसर पर उन्होने एनसीएल की स्वास्थ, शिक्षा और स्वच्छता के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए आगे बढ़कर समाज सेवा का कार्य करते रहने का आह्वान किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिंगरौली विधायक श्री राम निवास शाह ने एनसीएल का आभार व्यक्त किया व चलित चिकित्सालय जैसे नवाचारी पहल हेतु एनसीएल को बधाई दिया व आगे भी सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने में सहयोग का आवाहन किया ।

एनसीएल के नेहरू शताब्दी चिकित्सालय के निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत रु 5.85 करोड़ रुपए की लागत के इन मोबाइल मेडिकल यूनिट्स (वैन) के द्वारा सिंगरौली परिक्षेत्र के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के निवासी आवश्यक चिकित्सा सुविधाओं के लाभार्थी बनेंगे।

मोबाइल मेडिकल यूनिट्स के परिचालन से प्रारम्भिक बीमारियों के निदान एवं उपचार के साथ साथ मातृ और शिशु स्वास्थ्य में भी सुधार होगा।

सभी मोबाइल मेडिकल यूनिट्स आवश्यक चिकित्सा उपकरणों से सुसज्जित हैं एवं इनका संचालन प्रशिक्षित डॉक्टर, नर्स एवं चिकित्सा कर्मचारियों द्वारा किया जाएगा जिससे उच्च गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सेवाएँ ग्रामीण इलाकों में पहुंचेगी।

मोबाइल मेडिकल यूनिट्स द्वारा स्वास्थ्य जांच, मातृ शिशु देखभाल, टीकाकरण, डायग्नोस्टिक सेवाएँ, उच्च रक्तचाप और मधुमेह जैसे रोगों का परीक्षण, रेफेरल सुविधा, स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम एवं दवाओं का वितरण आदि सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

कार्यक्रम के आयोजन में सीएमएस एनसीएल डॉ विवेक खरे, सीएमएस एनएससी डॉ पंकज कुमार एवं उनकी टीम का विशेष योगदान रहा।

गौरतलब है कि एनसीएल अपनी सीएसआर गतिविधियों से सिंगरौली परिक्षेत्र की चिकित्सा सुविधाओं में लगातार अपना योगदान दे रहा है । साथ ही एनसीएल समय-समय पर ग्रामीण इलाकों में नि : शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित करता है व एनएससी, जयंत में इलाज की सुविधा मुहैया करवाती है।

# पुलिस ने सराफा व्यापारी से 10 लाख के सोना-चाँदी की लूट का किया खुलासा, 6 आरोपी गिरफ्तार

**जिले के समान थाना क्षेत्र में जिऊला मोड़ के समीप सर्राफा व्यापारी पर हमला कर साथ लूट करने वाले आरोपियों को समान पुलिस व उनकी टीम ने 10 लाख रूपये के सोना चाँदी लूट करने वाले 6 आरोपियो को किया गिरफ्तार किया है।**



रीवा।

घटना के संबंध में खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 29.04.24 को फरियादी मंगलेश्वर प्रसाद सोनी पिता स्व. मुलाजिम प्रसाद सोनी उम्र 49 वर्ष निवासी ग्राम जिउला थाना समान व्दारा थाना मे रिपोर्ट दर्ज कराया था कि वह तनिष्क गोल्ड पैलेस नाम से सोने चाँदी की दुकान गौतम काम्पलेक्स जिउला मोड मे खोल रखा है।वही दिनाँक 29/04/24 को वह अपनी सोने चाँदी की दुकान बंद कर मोटर सायकिल से अपने साथ सोने एवं चाँदी के जेवरात एवं सोने एवं चाँदी के सिक्के कुल 05 किलो चाँदी एवं 5 तोला सोना एवं मार्कशीट और अन्य घरेलू दस्तावेजो को काले रंग के बैग में रखकर अपने घर जिउला जा रहा था, जैसे ही शाम वह अपनी दुकान से लगभग एक कि.मी. दूर जगन्नाथ व्दिवेदी निवासी जिउला के घर के मोड के पास पहुँचा तभी पीछे से एक सफेद रंग की एक्सयूव्ही फोर व्हीलर आई और उसे ओव्हरटेक करके रोके और तुरंत ही फोर व्हीलर कार से 04 अज्ञात व्यक्ति उतरे और उसके साथ हाथ मुक्का तथा लाठी, डण्डा से मारपीट करते हुये फरियादी से सोने चाँदी एवं दस्तावेज जो काले रंग के बैग मे था बैग जबरदस्ती छुडाकर सभी लोग फोर व्हीलर में बैठकर जिउला मोड तरफ भाग गये फरियादी की रिपोर्ट पर थाना समान मे अप. क्र. 173/24 धारा 394 भादवि. का कायम कर विवेचना मे लिया गया। पुलिस को मुखबिर व्दारा सूचना मिली की एक व्यक्ति चोरी की एक्सयूवी फोर व्हीलर गाडी को गिरबी करने के लिये ग्राहको से बातचीत कर रहा है। मुखबिर के बताये अनुसार संदेही अमन पटेल को घेराबन्दी कर एक्सयूवी फोर व्हीलर गाडी सहित पकडा गया । उपरोक्त गाडी का मिलान दिनांक 29.04.24 को की गई लूट मे शामिल गाडी को सीसीटीव्ही फुटेज से मिलान किया जो वही गाडी होना पाये जाने से संदेही अमन पटेल से सख्ती से पूछताछ की गई जिसने पूछताछ के दौरान बताया कि वह उपरोक्त एक्सयूवी फोर व्हीलर गाडी को भोपाल से चोरी कर लाया है,वही जिउला मोड के आगे अपने 06 अन्य साथियो के साथ एक्सयूवी फोर व्हीलर गाडी से लूट करना स्वीकर किया तथा लूटी गई सामग्री आपस मे बाँट लिये थे । संदेही अमन पटेल के निशादेही पर घटना मे शामिल अन्य 05 आरोपियो जिसमे प्रभात मिश्रा पिता सुरसरी मिश्रा उम्र-20 वर्ष निवासी ग्राम तेंदुआ थाना गढ हाल पता गडरिया गाँधी आदर्श स्कूल के पास वही आनन्द व्दिवेदी पिता धीरेन्द्र व्दिवेदी उम्र-20 वर्ष निवासी ग्राम कुलबहेरिया जिला मऊगंज हाल पता मुन्ना पटेल के घर मे किराये से रतहरा नहर और कृष्ण कुमार शुक्ला पिता उमेश प्रसाद शुक्ला उम्र-18 वर्ष निवासी नौढिया थाना रामपुर नैकिन जिला सीधी हाल पता –उमेश ताम्रकार के घर मे किराये से मिश्रा पेट्रोल पम्प के बगल मे बरा साथ 02 विधि विरूद्ध अपचारी बालक को घेराबन्दी कर पकडा गया जिन्होने जिउला मोड के आगे लूट की घटना करना स्वीकार किया । उपरोक्त आरोपीगणो की निशादेही पर बिना नम्बर की एक्सयूवी -500 , 05 किलो चाँदी , 05 तोला सोना एवं बैग मे रखे दस्तावेज एवं अन्य सामग्री जप्त की गई है । पुलिया ने प्रकरण मे प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर घटना में 05 से अधिक आरोपी होने से धारा 397 भादवि. बढाई गयी है। गिरफ्तारसुदा आरोपियो को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा हेतु माननीय न्यायालय मे पेश किया गया । आरोपी अमन पटेल को पुलिस रिमान्ड मे लेकर अन्य घटनाओ के संबंध में पूछतांछ की जाती है , अन्य घटनाओ की खुलने की संभावना है ।

## खबर संक्षेप

### उप मुख्यमंत्री आज करेंगे पीएम श्री कालेज का शुभारंभ



**रीवा।** शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय को पीएम श्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस के रूप में उन्नयन किया गया है। उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ल 14 जुलाई को दोपहर 1.30 बजे से आयोजित समारोह में महाविद्यालय का विधिवत शुभारंभ करेंगे। समारोह की अध्यक्षता अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ आरपी सिंह करेंगे। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद जनार्दन मिश्र, विधायक गुढ़ नागेन्द्र सिंह, विधायक सिरमौर दिव्यराज सिंह, विधायक सेमरिया अभय मिश्रा, विधायक मनगवां नरेन्द्र प्रजापति तथा विधायक त्योंथर सिद्धार्थ तिवारी शामिल होंगे। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में कलेक्टर प्रतिभा पाल तथा महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष प्रबोध व्यास भी उपस्थित रहेंगे। समारोह शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय के नवीन सभागार में आयोजित किया जा रहा है। समारोह में दोपहर 2.15 बजे से इंदौर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह का सजीव प्रसारण भी दिखाया जाएगा। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ आरती सक्सेना ने सभी आमंत्रितों से समारोह में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

### बाइक चोर ले गए बाइक



**रीवा।** जिले में इन दोनों बाइक चोरों का आतंक जोरो में है, हाल ही में गुढ़ पुलिस ने 16 बाइक चोरी की बरामद की जिसमें कई आरोपियों को जेल भेज दिया गया है, इस कार्यवाही के बाद भी लगातार बाइक चोरों का आतंक जारी है, मामला शहर के अमहिया थाना क्षेत्र से सामने आया है जहा पीटीएस चौराहा के पास ब्याज हॉस्टल के बगल में अरुणेंद्र कुमार शुक्ला के प्लांट में मकान निर्माण का कार्य चल रहा है इस निर्माण कार्य में काम कर रहे व्यक्ति की बाइक अज्ञात चोर ने चोरी कर ली। बाइक चोरी के संबंध में थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है पुलिस ने मामला दर्ज कर की आगे की जांच शुरू कर दी है। वही चोरी का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है जिसमें व्हाइट कलर की शर्ट मुंह में नकाब बधा व्यक्ति तेजी से बाइक लेकर भागता नजर आ रहा है।

### मछुआ सहकारी समिति पंछा का निर्वाचन कार्यक्रम तय

**रीवा।** मध्यप्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी एमबी ओझा ने मछुआ सहकारी संस्था पंछा जिला रीवा के संचालक मण्डल के निर्वाचन का कार्यक्रम निर्धारित कर दिया गया है। इसके लिए सहकारी निरीक्षक नीलेश पाण्डेय को रिटर्निंग आफीसर बनाया गया है। संचालक मण्डल के सदस्यों के चुनाव के लिए प्रक्रिया 19 जुलाई से आरंभ होगी। इस दिन महिला पदों का निर्धारण करके संचालक मण्डल के बैठक की सूचना जारी की जाएगी। आमसभा की सूचना 22 जुलाई को जारी की जाएगी। सदस्यों के लिए नामांकन पत्र 29 जुलाई तक लिए जाएंगे। नामांकन पत्रों की जाँच करके वैध सदस्यों की सूची 29 जुलाई को प्रकाशित की जाएगी। नामांकन पत्रों की वापसी के बाद चुनाव लड़ने वाले अंतिम उम्मीदवारों की सूची 31 जुलाई को जारी की जाएगी। इसी दिन उम्मीदवारों को चुनाव प्रतीक आवंटित किए जाएंगे। मछुआ सहकारी समिति की विशेष साधारण सभा में 5 अगस्त को मतदान होगा।

### खाद्यान्न न मिलने से परेशान उपभोक्ता

**रीवा।** उपभोक्ताओं को कोटेदारों द्वारा धता बताकर 4-4 माह का खाद्यान्न वितरण न करना ऐसे में उपभोक्ताओं को खाने के लाले पड़े है उक्त आशय के आरोप वार्ड के उपभोक्ताओं ने लगाते हुए कहा कि कोटेदार उपभोक्ताओं के घर जाकर आंगूठे का फिंगरप्रिंट ले लेता है जब उपभोक्ता कोटा जाता है तो अगले माह खाद्यान्न देने की बात करता है।

## किसानों को डीएपी के स्थान पर एनपीके के उपयोग की सलाह

रीवा।

जिले के कृषकों को सलाह दी गई है कि वह डीएपी के स्थान पर एनपीके उर्वरकों का प्रयोग करें। कृषि वैज्ञानिकों ने अपनी सलाह में कहा है कि डीएपी में केवल दो तत्व नाइट्रोजन व फास्फोरस प्राप्त होते हैं। जबकि एनपीके उर्वरक से फसलों के लिए आवश्यक सभी तीन मुख्य पोषक तत्वों नत्रजन, स्फुर एवं पोटाश की उपलब्धता होती हैं। इस प्रकार एनपीके उर्वरक से नत्रजन एवं स्फुर के अलावा पौधों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण तत्व पोटाश की पूर्ति किसान भाई सफलतापूर्वक कर सकते हैं। अतः एनपीके उर्वरक का प्रयोग करने पर किसान भाईयों को अलग से पोटाश डालने की जरूरत नहीं पड़ती है व लागत में कमी आती है। उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने किसान भाईयों के लिए डीएपी के स्थान पर एनपीके खाद का उपयोग करने की सलाह दी है। उप संचालक ने कहा है कि फसलों में उर्वरकों का संतुलित उपयोग लाभदायक होता है। डीएपी के स्थान पर सिंगल सुपर फास्फेट और एनपीके का उपयोग अधिक लाभदायी है। इससे जमीन को सल्फर की प्राप्ति होती है। सिंगल सुपर फास्फेट का उपयोग खेत की तैयारी के समय किया जाता है। जिससे यह फसलों में अधिक कारगर रहता है। डीएपी में उपलब्ध 18 प्रतिशत नाइट्रोजन में से केवल 15 प्रतिशत नाइट्रोजन तथा 46 प्रतिशत फास्फोरस में से 39 प्रतिशत फास्फोरस पानी में घुलकर मिट्टी को प्राप्त होता है। शेष फास्फोरस मिट्टी में जमा हो जाता है जिससे मिट्टी कठोर हो जाती है। इसकी जल धारण क्षमता घटती है। उप संचालक ने बताया है कि आगामी फसल में शंकर धान एवं शंकर मक्का के लिए नाइट्रोजन, फास्फोरस एवं पोटाश एनपीके खाद का उपयोग अधिक लाभकारी होगा। दलहन एवं तिलहन फसलों में 80:40:30 एनपीके तथा सल्फर का उपयोग लाभदायी होगा। उप संचालक ने बताया है कि किसान नैनो तकनीक पर आधारित खाद का भी उपयोग कर सकते हैं। फसलों के लिए 20 प्रतिशत नाइट्रोजन से युक्त नैनो यूरिया तथा 8 प्रतिशत नाइट्रोजन एवं 16 प्रतिशत फास्फोरस से युक्त नैनो डीएपी उपलब्ध है। इनके निर्धारित मात्रा में उपयोग से फसलों को संतुलित मात्रा में पोषक तत्व प्राप्त होते हैं। सामान्य तौर पर एक स्वस्थ पौधे में नाइट्रोजन की मात्रा 1.5 से 4 प्रतिशत तक होती है। फसलों की बढ़वार की स्थिति में इनमें नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी का पत्तियों में छिड़काव करने से पौधों को कारगर तरीके से नाइट्रोजन और फास्फोरस की उपलब्धता हो जाती है। इनके उपयोग से पैदावार में वृद्धि होती है तथा मिट्टी के स्वास्थ्य में भी सुधार होता है। नैनो यूरिया की 500 मिलीलीटर की बोतल 225 रुपए में तथा नैनो डीएपी की 500 मिलीलीटर की बोतल 600 रुपए में मिल रही है। इसकी कीमत एक बोरी खाद से लगभग आधी है। जबकि इसका असर एक बोरी खाद से भी अधिक है। इसलिए नैनो यूरिया और नैनो डीएपी का उपयोग किसानों के लिए अधिक लाभकारी है।

## लिटिल बैम्बिनोज स्कूल में नन्हे मुन्ने बच्चों के बीच हुआ कविता प्रतियोगिता का आयोजन

रीवा।




लिटिल बैम्बिनोज स्कूल में नन्हे मुन्ने बच्चों के बीच अंग्रेजी कविता प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाना और उनकी अंग्रेजी भाषा की दक्षता को निखारना था। प्रतियोगिता में बच्चों ने विभिन्न विषयों पर कविताएँ प्रस्तुत कीं, जिसमें पर्यावरण, दोस्ती, परिवार और जीवन के अन्य महत्वपूर्ण पहलू शामिल थे। लिटिल बैम्बिनोज स्कूल में नन्हे मुन्ने बच्चों के बीच हुई अंग्रेजी कविता प्रतियोगिता के अवसर पर निदेशक डॉ. गायत्री शुक्ला ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में कहा कि आज के इस उल्लासपूर्ण और प्रेरणादायक आयोजन में आप सभी का हार्दिक स्वागत है। हमारे प्यारे बच्चों ने जिस उत्साह और समर्पण के साथ इस अंग्रेजी कविता प्रतियोगिता में भाग लिया है, वह वास्तव में सराहनीय है। आप सभी ने आज अपनी कविताओं के माध्यम से जो भावनाएँ, विचार और संदेश प्रस्तुत किए हैं, वे हमें गर्वित महसूस कराते हैं। आपके शब्दों में आपकी सृजनात्मकता और गहन सोच स्पष्ट दिखाई देती है। इस मंच पर आकर अपनी कविता प्रस्तुत करना एक बड़ा कार्य है, और आप सभी ने इसे बखूबी निभाया है। प्रत्येक बच्चे ने अपनी अनूठी शैली और अभिव्यक्ति के साथ कविताएँ सुनाईं, जिससे दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता के अंत में विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस तरह के कार्यक्रम बच्चों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उनकी छुपी हुई प्रतिभाओं को उजागर करने में मदद करते हैं।

## संजय गांधी अस्पताल के शव ग्रह से मृत महिला के शरीर से जेवर हो गए चोरी, परिजनों ने लगाए गंभीर आरोप

रीवा।




संजय गांधी अस्पताल के शव ग्रह से एक 70 वर्ष की महिला की मौत के बाद मृतक महिला के शरीर से सोने एवं चांदी के जेवरात अस्पताल के शव ग्रह से पार हो गए हैं यह आरोप मृतका के परिजनों द्वारा लगाए जा रहे हैं। घटना क्रम के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक रीवा जिले के रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र में रहने वाली 70 वर्षीय कौशल्या पटेल की बीते दिवस रीवा के संजय गांधी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई थी, महिला की मौत के बाद जब उसे अस्पताल के शव ग्रह में रखा जा रहा था तो उस समय महिला के शरीर में सोने की लॉकेट और पैर में चांदी की पायल एवं हाथ में चांदी के कड़े पहने हुए थी,परिजनों ने बताया कि जब उन लोगों ने जेवर उतारने का प्रयास किया तो वहां मौजूद अस्पताल स्टाफ के द्वारा मना कर दिया गया शनिवार की सुबह जब पीएम के बाद महिला का शव मिला तो उसके शरीर पर कोई जेवर नहीं थे हालांकि हाथ में चांदी के कंगन मौजूद थे,परिजनों का आरोप है की कंगन उतरना संभव नहीं था क्योंकि वह काफी कड़े थे लेकिन उनके गले से सोने की लॉकेट एवं पास से पायल गायब है ,हालांकि इस संबंध में जब परिजनों के द्वारा शव ग्रह में मौजूद कर्मचारियों से जानकारी ली गई तो उन्होंने किसी भी तरह के जेवर होने से इनकार कर दिया मृतिका के परिजनों के द्वारा इस घटना की शिकायत अस्पताल स्थित पुलिस चौकी में की गई है।

## सीतापुर गौशाला में एक हजार पौधे रोपे गए

### विधायक गिरीश गौतम एवं कलेक्टर बने साक्षी



**मऊगंज।** जिले में हरियाली प्राण वायु सुखमय जीवन और स्वस्थ मन के लिए लगातार पौधरोपण का अभियान चलाया जा रहा है जिसमें बड़ी संख्या में प्रशासनिक अधिकारी जनप्रतिनिधि समाजसेवियों द्वारा रोजाना कई हजार पौधे रोपे जा रहे हैं जिले के सीतापुर ग्राम पंचायत गौशाला परिसर में करीब एक हजार पौधे रोपे गए पौध रोपण अभियान में सरपंच सचिव उपयंत्री जनपद कर्मचारी समाजसेवियों सहित विधायक देवतालाब गिरीश गौतम कलेक्टर अजय श्रीवास्तव तहसीलदार सौरभ मरावी बने साक्षी कार्यक्रम में विधायक गिरीश गौतम द्वारा बताया गया कि पूर्वजों द्वारा बाग बगीचे लगाकर पूरे गांव के वातावरण को शुद्ध करते थे आज हम पौधे रोप रहे हैं इसकी सुरक्षा की जवाबदारी खुद की है सिर्फ पौधे लगाने से अभियान सफल नहीं होगा एक-एक व्यक्ति जिम्मेदारी के साथ एक ही पौधा रोपे किंतु उसे पेड़ के रूप में तैयार करके छोड़ें वही कलेक्टर अजय श्रीवास्तव द्वारा बताया गया की पौध रोपण अभियान में बच्चों को हर हाल में साथ में रखें उनके हाथों से पौधे की रोपाई करायें और यह एहसास दिलाए कि यह तुम्हारा पौधा है जिससे वह बच्चा पौधे को अपना मानकर पूरी सुरक्षा खाद पानी की जिम्मेदारी ले लेगा इससे हमारी आने वाली पीढ़ी वृक्षारोपण में वृहद सहयोग के रूप में एक मिसाल बनेगी सीतापुर ग्राम पंचायत सचिव उमेश शुक्ला द्वारा बताया गया की गौशाला परिसर में सभी के द्वारा एक साथ एक हजार सागौन के पौधे रोपे गए हैं पानी खाद और रखवाली की समस्त जिम्मेदारी ग्राम पंचायत करेगी पूरे एक हजार पौधों को तार बाड़ी से सुरक्षित रखा गया है।



### शांति समिति की बैठक आयोजित

**मऊगंज।** जिले में आगामी दिनों में होने वाले सभी धर्मो द्वारा आयोजित त्योहारों को लेकर पुलिस दस्ते द्वारा विशेष निगरानी की जाएगी जिसको लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव एवं पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन द्वारा आयोजित शांति समिति की बैठक में बृहद चर्चा की गई जिसमें बड़ी संख्या में सभी धर्मों के शुभ चिंतक समाजसेवी जनप्रतिनिधि प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे जिले के देवतालाब नईगढ़ी हनुमना मऊगंज में सभी स्थितियों का जायजा लिया गया 16 जुलाई को मोहर्रम जुलूस के तौर पर निकाला जाएगा जिससे संबंधित बिजली पानी साफ सफाई के लिए विशेष निर्देश दिए गए वही नईगढ़ी में पूर्व से परंपरागत आयोजित चबूतरे में रखकर ताजिया उत्सव मनाया जाता था बीते दिन सड़क निर्माण करने पर उसे तोड़ दिया गया जिस पर कलेक्टर द्वारा आगामी दिनों में निरीक्षण का आश्वासन के साथ तखत रखकर परंपरागत तरीके से त्योहार मनाए पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन द्वारा बताया गया कि शांति व सौहार्दपूर्ण से सभी एक दूसरे से मिलजुल कर शांति से त्यौहार उत्सव पूर्वक बनाएं।

## एक पेड़ माँ के नाम अभियान में शिक्षण संस्थाओं में हुआ वृक्षारोपण

रीवा।





जिले भर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान में लगातार वृक्षारोपण किया जा रहा है। इस क्रम में रीवा शहर में विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में पौधे रोपित किए गए। पेंटियम प्वाइंट टेक्निकल कालेज करहिया परिसर में कालेज के संचालक बीएम त्रिपाठी, प्राध्यापकों तथा विद्यार्थियों ने पौधे रोपित किए। कालेज परिसर में फलदार तथा छायादार वृक्षों के पौधे रोपित किए गए। कालेज के हर्दी कैम्पस में भी विद्यार्थियों ने पौधे रोपित किए। बिलाबांग स्कूल चोरहटा में प्राचार्य, शिक्षकों तथा विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में पौधे रोपित किए। छोटे-छोटे बच्चों ने भी अपने नन्हें हाथों से पौधे रोपित करके पर्यावरण संरक्षण के महायज्ञ में सहयोग किया। इसी तरह जेएनसीटी कालेज में संस्था के चेयरमैन डॉ एसएस तिवारी एवं वनस्थली स्कूल के संचालक मनोज तिवारी तथा जेएनसीटी कालेज के प्राचार्य मिहिर पाण्डेय ने पौधे रोपित किए। वृक्षारोपण के महाअभियान में दोनों संस्थानों के विद्यार्थियों ने सौ से अधिक रोपित किए।